University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

# University in News on 09 January 2021

NBT PAGE 6

# एलयू के 20 हॉस्टलों में खुलेगा ओपन जिम

## ₹1.5 करोड़ की लागत से होगा निर्माण



■ एनबीटी, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के करीब 20 हॉस्टल्स में स्टूडेंट्स के लिए ओपन जिम का निर्माण करवाने की योजना है। सभी ओपन जिम का निर्माण करीब 1.5 करोड़ की लागत से होगा।

एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मुताबिक, स्टूडेंट्स फिट होंगे तभी वे पढ़ाई भी मन लगाकर कर सकेंगे। इससे न केवल स्टूडेंट्स का नाम होगा, बल्कि लखनऊ विश्वविद्यालय का भी मान बढ़ेगा। 20 हॉस्टल्स को चिह्नित कर लिया गया है। इनमें ओपन जिम में होने वाली प्रत्येक मशीनें इंस्टॉल की जाएंगी।

### लगेंगी 10 फिटनेस मशीनें

जिम के लिए चिह्नित हॉस्टल्स में से प्रत्येक हॉस्टल में 10 फिटनेस मशीनें इंस्टॉल की जाएंगी। साथ ही एलयू के सभी हॉस्टल्स में एक-एक टेबल टेनिस टेबल भी लगवाई जाएगी।

## 28 से शुरू हो सकती हैं सेमेस्टर परीक्षाएं

तैयारी अंतिम चरण में, जल्द जारी होगा परीक्षा कार्यक्रम

■ एनबीटी, लखनऊ: एलयू की ओर से 28 जनवरी से सेमेस्टर परीक्षाएं करवाने की तैयारी लगभग अंतिम चरण में हैं। परीक्षा कार्यक्रम एलयू प्रशासन जल्दी ही जारी करेगा। एलयू के अधिकारियों के मुताबिक, परीक्षा में करीब 15 हजार स्टूडेंट्स के बैठने का अनुमान है।

### दो फेज में होंगी परीक्षाएं

कोविड-19 की वजह से एलयू में यूजी और पीजी का सत्र काफी देरी से शुरू



हुआ। इस वजह से दिसंबर में होने वाली सेमेस्टर परीक्षाएं एलयू जनवरी से फरवरी तक आयोजित करवाएगा। ये परीक्षाएं दो फेज में होंगी। पहले फेज में यूजी के तीसरे, पांचवे और पीजी के पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। वहीं, दूसरे फेज में यूजी और पीजी के पहले सेमेस्टर की परीक्षा करवाई जाएंगी।

### मार्च में आ जाएंगे परिणाम

एलयू के परीक्षा नियंत्रक के डॉ. एएम सक्सेना के मुताबिक, यूजी के तीसरे,



पांचवे और पीजी पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं एमसीक्यू प्रणाली से होना तय हुआ है। परीक्षा समाप्त होने के लगभग दो सप्ताह के अंदर यानी मार्च में ही परिमाण जारी होना शुरू हो जाएंगे।

### अप्रैल में हो सकती हैं पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं

एलयू के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक, परीक्षा विभाग यूजी और पीजी के पहले सेमेस्टर के स्टूडेंट्स की परीक्षाएं मार्च के अंतिम या अप्रैल के पहले सप्ताह से करवाने की तैयारी कर रहा है। परीक्षाओं में देरी होने की वजह दाखिले की प्रक्रिया लेट होना बताया जा रहा है।

## एलयू में स्टूडेंट्स के लिए बनेगा लर्निंग जोन

■ एनबीटी, लखनऊ: एलयू में स्टूडेंट्स के लिए लर्निंग जोन बनाया जाएगा। इसमें स्टूडेंट्स के भीतर बसे डर को बाहर कर भविष्य के लिए तैयार किया जाएगा।

एलयू के सूत्रों की माने तो पहले उन स्टूडेंट्स की छंटनी की जाएगी, जो सभी सुविधाओं परिपूर्ण हैं। उनका अलग ग्रुप होगा।

### स्टूडेंट्स का डर दूर कर विकास पर अधिक बल देंगे शिक्षक

इसी तरह एक ग्रुप में भविष्य को लेकर चिंतित रहने वाले स्टूडेंट्स के मन के भय को दूर कर लर्निंग जोन की ओर ले जाया जाएगा। यह जोन प्रत्येक विभाग में बनाया जाएगा। जहां पर समय-समय पर सेमिनार और मोटिवेशनल स्पीच हुआ करेंगे। साथ ही स्टूडेंट्स को बहुत सी ऐसी जानकारियां दी जाएंगी जो उनके जीवन के लिए महत्वपूर्ण होंगी। इसके बाद सभी स्टूडेंट्स के विकास पर काम किया जाएगा। इसमें उनको उनके सपने, उद्देश्य, लक्ष्य आदि पर फोकस कर उनके भविष्य को बनाने पर ध्यान दिया जाएगा।

i-NEXT PAGE 6

# 28 जनवरी से एलयू के सेमेस्टर एग्जाम

LUCKNOW (8 Jan, inext): एलयू 28 जनवरी से सेमेस्टर एग्जाम कराने की योजना तैयार कर रहा है. ये एग्जाम एक माह तक चलेंगे और इसमें करीब 15 हजार स्टूडेंट्स शामिल होंगे.

### दो चरणों में होंगे एग्जाम

कोरोना के कारण इस बार यूनिवर्सिटी में सत्र काफी लेट शुरू हुआ है और दिसंबर में होने वाले सेमेस्टर एग्जाम जनवरी में कराए जाने की तैयारी है. ये एग्जाम दो चरणों में कराए जाएंगे.

### मार्च में आएगा रिजल्ट

एलयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एएम सक्सेना के मुताबिक यूजी तीसरे और पांचवे व पीजी पांचवे सेमेस्टर स्टूडेंट्स के एग्जाम इस वर्ष एमसीक्यू प्रणाली से कराए जाएंगे. एग्जाम समाप्त होने के लगभग दो सप्ताह के अंदर ही रिजल्ट घोषित होना शुरू हो जाएगा, यानि मार्च में ही इन एग्जाम के रिजल्ट जारी कर दिए जाएंगे.

### अप्रैल में फर्स्ट सेमेस्टर के पेपर

परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक एग्जाम विभाग यूजी व पीजी पहले सेमेस्टर के स्टूडेंट्स के एग्जाम मार्च के अंतिम सप्ताह या अप्रैल के पहले सप्ताह से कराने की तैयारी कर रहा है.

## 1.5 करोड़ से बनेगा जिम

LUCKNOW (8 Jan, inext): लखनऊ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने हॉस्टल में रहने वाले स्टूडेंट्स की फिटनेस के लिए हर हॉस्टल में जिम बनवाने की योजना तैयार की है. एलयू के करीब 20 हॉस्टलों में करीब 1.5 करोड़ की लागत से ओपन जिम बनवाने का काम शुरू किया गया है. इन जिम में एक्सरसाइज के लिए मशीनें भी लगाई जाएंगी. वीसी का मानना है कि जब स्टूडेंट्स फिजिकली फिट होंगे तो उनका मन भी पढ़ाई में ठीक से लगेगा.

# लक्ष्य की ओर ले जाएगा लर्निंग जोन

LUCKNOW (8 Dec, inext): लखनऊ यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के लिए एक लर्निंग जोन बनाया जाएगा. इस सेंटर में स्टूडेंट्स के मन में बसे डर को दूर कर उन्हें भविष्य के लिए कैसे तैयार हों, बताया जाएगा. गौरतलब है कि एलयू वीसी ने इसकी योजना बनाई है.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## मो. अहमद को एकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड



लखनऊ। लविवि के विधि संकाय के प्रो. मो. अहमद को इंस्टीट्यूट फॉर डिजिटल मार्केटिंग एड बिजनेस एनॉलिसिस हैदराबाद के की ओर से एकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

## प्रो. अहमद को एकेडमिक एक्सीलेंस पुरस्कार




लखनऊ। लविवि के विधि संकाय के वरिष्ठ प्रोफेसर मोहम्मद अहमद को इंस्टीट्यूट फार डिजिटल मार्केटिग एड बिजनेस एनालिसिस हैदराबाद के द्वारा एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड 2020 से सम्मानित किया गया तथा विधि का श्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया। उनके द्वारा प्राप्त इस पुरस्कार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने सराहा। इस अवसर पर कुलपति कार्यालय मे उपस्थित प्रो. डीएनएस यादव, प्रो पूनम टंडन, मुख्य कुलानुशासक प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, संजय मेधावी और अन्य शिक्षकों ने बधाई दी।

VISHWAVARTA PAGE 4

# लविवि सेमेस्टर परीक्षाएं 28 से हो सकती हैं शुरू

विश्ववार्ता संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा 28 जनवरी से शुरू हो सकती है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसी तिथि के अनुसार अपनी योजना तैयार की है। इसको लेकर परीक्षा विभाग की तैयारी अन्तिम चरण में है। करीब एक माह तक चलने वाली परीक्षाओं का परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय जल्द ही जारी करेगा। परीक्षा विभाग के अनुसार करीब 15 हजार से अधिक छात्र परीक्षा में बैठेंगे।

कोविड-19 की वजह विवि का सत्र देरी से शुरू हुआ है। यही वजह है कि पीजी का सत्र भी काफी देरी से शुरु होने हो रहा है। लिहाजा दिसंबर माह में होने वाली सेमेस्टर परीक्षाएं जनवरी से फरवरी माह तक आयोजित होगी। परीक्षाएं दो फेज में होंगी। जिसमें पहले फेज में यूजी के तीसरे और पांचवे सेमेस्टर और पीजी के पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। इसके बाद दूसरे चरण में यूजी और पीजी पहले सेमेस्टर की परीक्षा होगी।

### मार्च में आएंगे परिणाम

परीक्षा नियंत्रक के डॉ. एएम सक्सेना के अनुसार यूजी तीसरे और पांचवे एवं पीजी पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं इस वर्ष एमसीक्यू प्रणाली से होना तय हुआ है। जिसको देखते हुए परीक्षा समाप्त होने के लगभग दो सप्ताह के अंदर ही परिमाण जारी होना शुरु हो जाएंगे। मार्च के महीने में ही इन परीक्षाओं के परिणाम भी विवि प्रशासन जारी कर देगा।

### अप्रैल तक शुरु हो सकती हैं पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं

परीक्षा विभाग के अनुसार यूजी और पीजी पहले सेमेस्टर के छात्रों की परीक्षाएं मार्च के अंतिम सप्ताह अथवा अप्रैल के पहले सप्ताह से परीक्षाएं करवाने की तैयारी की जा रही है। पहले सेमेस्टर की परीक्षाओं में देरी होने की बड़ी वजह पीजी में दाखिले की प्रक्रिया का विलम्ब होना है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे जैसे परीक्षाएं होती जाएंगी वैसे वैसे कॉपियां की जांच कर परिणाम घोषित होते जाएंगे। ये परीक्षाएं भी एमसीक्यू प्रणाली से ही होंगी।